nandgaon times   march-31-1.qxd   3/30/2025   10:41 PM   Page 1

शहर के महेन्द्र यदु का चयन... पृष्ठ 2 | आज होगी मां दुर्गा के दो स्वरूपों ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 31 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 164, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# छत्तीसगढ़ के 2 लाख घरों के किचन में पाइप लाइन से मिलेगी कुकिंग गैस : पीएम मोदी

**रायपुर।** आने वाले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ के 2 लाख घरों के किचन में पाइप लाइन से सीधी कुकिंग गैस मिलेगी. 2 लाख घरों तक सीधी गैस पाइप लाइन से गैस पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है. बिलासपुर में आम सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ये आश्वासन दिया है. क्या आप जानते है इसके क्या फायदे होंगे ? यदि नहीं तो चलिए आपको बताते है, कैसे आपके घर में आएगी सीधी गैस पाइप लाइन




छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार घरों तक पाइपलाइन के जरिए कुकिंग गैस की सप्लाई शुरू होने वाली है. इस सुविधा के तहत हर घर में मीटर लगाया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को उतनी ही कीमत चुकानी होगी, जितनी गैस वे इस्तेमाल करेंगे. यह गैस एलपीजी से सस्ती होगी, जिससे लोगों को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा. 1 लाख घरों में इसी तैयारी पूरी कर ली गई है और पीएम मोदी ने अपने भाषण में इसे 2 लाख घरों तक पहुंचाने के लक्ष्य के बारे में बताया है. गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को 2025 में शुरू किया जाएगा और पहले चरण में 1 लाख घरों को इसका लाभ मिलेगा। पाइपलाइन सीधे घरों में चूल्हों से जोड़ी जाएगी, जिससे कुकिंग गैस की सप्लाई सुनिश्चित होगी। इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड और हरियाणा गैस एजेंसी के अधिकारियों ने कुछ महीने पहले ही मीटिंग भी की थी. रायपुर में CNG स्टेशन भी बनेंगे इस प्रोजेक्ट के तहत गाड़ियों के लिए सेंट्रल स्टेशन भी बनाए जाएंगे, जिससे सीएनजी वाहनों की सुविधा बढ़ेगी। रायपुर के अलावा, इस पाइपलाइन को आगे अन्य शहरों तक भी बढ़ाया जाएगा।

एलपीजी से 25-30 प्रतिशत तक सस्ती नेचुरल गैस होने के कारण सुरक्षित - हवा से हल्की होती है, जिससे लीकेज की स्थिति में यह जल्दी घुल जाती है 99 प्रतिशत जलने की क्षमता - प्रदूषण न के बराबरपाइपलाइन से सीधी सप्लाई - गैस खत्म होने की चिंता नहीं मीटर की सुविधा - जितनी खपत, उतना ही बिल.

## पीएम मोदी ने जय जोहार के साथ किया अभिवादन, प्रभु राम के ननिहाल वालों को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर के मोहभट्ठा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों का जय जोहार के साथ अभिनंदन किया. इसके साथ ही उन्होंने प्रभु राम के ननिहाल वालों को नववर्ष और नवरात्रि की शुभकामनाएं दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माता कर्मा पर डाक टिकट जारी होने की लोगों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व राम नवमी पर समाप्त होगा. रामनामी समाज का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा शरीर राम नाम के लिए समर्पित किया है. उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ को सौगात देने का अवसर मिला है. करोड़ों रुपए के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है.

**तीन लाख परिवार कर रहे गृह प्रवेश-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी परंपरा में किसी को भी आश्रय देना बहुत पुण्य का काम माना जाता है. लेकिन जब किसी को आज नवरात्र के शुभ दिन छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में गृह प्रवेश कर रहे हैं. तीन लाभार्थियों से मिलने का जिक्र करते हुए कहा कि उनके चेहरे पर खुशियां देखते ही बन रही थी. इस नए जीवन के लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूं. यह आपके वजह से ही हो पाया है क्योंकि आपने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है. छत्तीसगढ़ के लाखों परिवार के पक्के घर का सपना पहले की सरकारों ने फाइलों में गुमा दिया था, तब हमने गारंटी दी थी यह सपना हमारी सरकार पूरा करेगी. इसलिए विष्णु देव की सरकार की पहली कैबिनेट ने 18 लाख घर बनाने का निर्णय लिया गया था. आज उसमें तीन लाख घर बनकर तैयार हैं. इनमें से अनेक घर आदिवासी क्षेत्रों में बने हैं. बस्तर और सरगुजा के अनेक परिवारों को पक्के घर मिले हैं. जिन परिवारों की अनेक पीढ़ियों ने झोपड़ियों में बेहाल जीवन बिताया है, उनके लिए यह कितना बड़ा उपहार हम समझ सकते हैं.

**हर वादे को पूरा कर रही भाजपा सरकार**

भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ से किए गए हर वादे को पूरा कर रही है. त्रिस्तरीय चुनाव में जिस तरह से आपने आशीर्वाद दिया है, उसके लिए भी मैं आभार व्यक्त करता हूं. आपने देखा होगा कि हमारी सरकार कितनी तेजी से अपनी गारंटी पूरा कर रही है. धान किसानों को दो साल का बोनस मिला है. बढ़े हुए एमएसपी पर खरीदी हुई है. कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में खूब घोटाले हुए हैं.

## पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी, अभनपुर से ट्रेन हुई रवाना





छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अभनपुर-रायपुर रेल सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया. यह रेल सेवा यात्रियों को बेहतर और सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन के बाद गाड़ी संख्या 08835 अभनपुर-रायपुर इनॉग्रल मेमू पैसेंजर स्पेशल आठ कोच के साथ अभनपुर से दोपहर 3:30 बजे रवाना होगी और निम्नलिखित स्टेशनों पर रुकेगी.

केंद्री: 3:38 बजे
सीबीडी: 3:52 बजे
मंदिर हसौद: 4:10 बजे
रायपुर: 4:55 बजे

**31 मार्च से शुरू होगी नियमित सेवा**

अगले दिन यानी 31 मार्च 2025 से रायपुर-अभनपुर रूट पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो मेमू पैसेंजर ट्रेनें (सुबह और शाम) चलाई जाएंगी.

1. गाड़ी संख्या 68760/68761 रायपुर-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर

स्टॉपेज:

**रायपुर से प्रस्थान:** सुबह 9:00 बजे
मंदिर हसौद: 9:18 बजे
सीबीडी: 9:32 बजे
केंद्री: 9:50 बजे
अभनपुर: 10:10 बजे

**वापसी** (गाड़ी संख्या 68761)
अभनपुर से प्रस्थान: 10:20 बजे
केंद्री: 10:28 बजे
सीबीडी: 10:42 बजे
मंदिर हसौद: 11:00 बजे
रायपुर: 11:45 बजे

2. गाड़ी संख्या 68762/68763 रायपुर-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर

**स्टॉपेज:**

रायपुर से प्रस्थान: शाम 4:20 बजे
मंदिर हसौद: 4:38 बजे
सीबीडी: 4:52 बजे
केंद्री: 5:10 बजे
अभनपुर: 5:30 बजे

**वापसी** (गाड़ी संख्या 68763)
अभनपुर से प्रस्थान: 6:10 बजे
केंद्री: 6:18 बजे
सीबीडी: 6:32 बजे
मंदिर हसौद: 6:45 बजे
रायपुर: 7:20 बजे.

# मां शैलपुत्री की कथा सिखाती है सच्चा प्रेम और समर्पण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चिखली शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत एवं नवरात्रि के प्रथम दिन में ही व्यास मंच पर विराजमान



अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद् देवी भागवत कथा के प्रथम दिवस पर ही कहा है कि देवी भागवत महात्म्य का महत्व और लाभ जानने के लिए इसे सुनना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक आप इसे नहीं सुनते, तब तक आपको पता नहीं चलेगा कि इसको सुनने से क्या मिलता है देवी भागवत पुराण मनुष्य मात्र के लिए सुलभ है, और इसका अध्ययन करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं इस पुराण में देवी की महिमा और उनके अवतारों का वर्णन किया गया है, जो हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है और मां शैलपुत्री की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि प्रेम और समर्पण से ही देवी की पूजा और दर्शन प्राप्त होते हैं मां शैलपुत्री हिमालय राज की बेटी हैं, और उनका नाम शैलपुत्री इसलिए पड़ा क्योंकि वे हिमालय की पुत्री हैं। हम मां शैलपुत्री को देवी के प्रथम रूप में पूजते हैं श्रीमद् देवी भागवत में उल्लेख है कि मां शैलपुत्री के दर्शन मात्र से ही कल्याण होता है। देवी का पूजन करने से तन और मन की शुद्धि होती है। देवी के प्रति समर्पण भाव रखने वाला कभी भी नरक में नहीं जाता, बल्कि वह देवी के धाम में ही पहुंच जाता है पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि देवी के रूप में सबसे पहले हमें कन्या का पूजन करना चाहिए और नारी का सम्मान करना चाहिए,यह कथा को सभी ने बड़े भाव से सुना और सभी ने यह भी जाना की समर्पण क्या है,इस कथा में सैकड़ो श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे जिन्होंने कथा श्रवण कर सुंदर माता रानी की आरती किए तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण कर माता रानी से आशीर्वाद भी प्राप्त की।

# जय बाई माता शक्तिपीठ मलपुरी में ज्योति प्रज्वलित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम मलपुरी में जय बाई माता शक्तिपीठ में 58 ज्योति क्लश स्थापना किस गया पीताम्बर कतलम सरपंच योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य वैष्णव ने पुजा पाठ कर नवरात्रि पर्व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया समिति पुजारी पं त्रिभुवन वैष्णव अध्यक्ष द्वारका साहू संरक्षक कुंदन चंदाकर सनद ठाकुर सदस्य हीरा साहू खोरबहरा बैगा अंकालु ठाकुर रामाधीन ठाकुर नोखे पटेल युवराज



मंडावी गोलू पटेल सहित सदस्यगण उपस्थित रहा जय बाई माता शक्तिपीठ पुराना समय बेर पेड़ के पास सदेव नाग नागिन राहगीरों रोज देखते थे समय अनुसार मातारानी मलपुरी वरिष्ठ जनों सपना में आकर मंदिर बनाने तथा सदैव पुजा अर्चना करने बात कही जिससे ग्रामीण जन हर समय मातारानी सेवा करते हैं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# सृष्टि का सृजन करने वाली मां है : शास्त्री श्री ईश्वरचंद व्यास

## गायत्री शक्तिपीठ में श्रीमद् देवी भागवत कथा शुरू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सृष्टि का सृजन करने वाली मां है जिन्होंने अपनी शक्ति से इस संसार को बनाया है । शक्ति मां हमारे सभी रूपों में विराजित है। चैत्र शुक्ल एकम से हमारे जीवन का महत्वपूर्ण समय शुरू होता है। चैत्र शुक्ल एकम से ही हिंदू नव वर्ष शुरू होता है। मां की शक्ति को पूजने का यह महत्वपूर्ण समय है। इस दिन से हमें सब कुछ नया लगता है। हमारा जीवन भी नया होता है, नया मार्ग मिलता है, नई दिशा मिलती है । सब सुंदर हो जाता है इसीलिए इस मास को मधुमास कहा जाता है जो जीवन में मधुरता ला देता है।गायत्री शक्तिपीठ में आज श्रीमद् देवी भागवत कथा के पहले दिन जूनागढ़ गुजरात से पधारे शास्त्री श्री ईश्वर चंद जी व्यास ने व्यास पीठ से उक्त उदगार प्रकट किए। माहेश्वरी पंचायत द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन शास्त्री जी ने कहा कि किसी भी ग्रंथ में प्रवेश करने से पहले हमें उसकी महिमा को जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिमा को जानने के बाद हम उसमें प्रवेश करेंगे तो उसके प्रति हमारा आदर बढ़ जाता है, उसके प्रति हमारी भक्ति और श्रद्धा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि हम सनातन वैदिक धर्म परंपरा के लोग हैं , जो सम्यक आनंद देता है वह संप्रदाय है। सभी उपासना पद्धति भगवान वेद से निकली है। भगवान के स्वांस से वेद निकला है और मां भगवती की वाणी है वेद, हमारी परंपरा है वेद। हर उपासना पद्धति वेद से ही प्रकट हुई है। शास्त्री श्री ईश्वर चंद जी ने कहा कि हर घर में शंकर,सूर्य, गणेश, जगदंबा, विष्णु की उपासना होनी ही चाहिए। शिव कहो या शक्ति कहो, इसमें कोई भेद नहीं है। हरि का



यश सुनने से हमारे पाप मिटते हैं, हमारा शरीर लौकिक होता है। प्रभु का शरीर अलौकिक है । उनका यश सुनना भी अलौकिक है। हमारे जीवन में जो अज्ञानता की बातें भरी पड़ी है , उसे धक्का लगाने के लिए हमें कथा सुननी ही चाहिए। शास्त्र को समझने वाले , शास्त्र को सुनकर उसे अपने जीवन में उतारने वाले साधक से कथा सुनें तो जीवन धन्य हो जाएगा। मनुष्य बनना दुर्लभ है, सुनना दुर्लभ है। दुखों को झेलकर हम मनुष्य जीवन में आए हैं। इस जीवन को सफल बनाने के लिए, साध्य को पाने के लिए साधन जरूरी है। साध्य कौन है?, साध्य भगवान है। साधन उसे कहते हैं जो हमें साध्य से मिला दे। आप साधक बनकर इस संसार में आए हैं तो साधक बन कर रहें,तभी आपको भक्ति मिलेगी और मुक्ति भी मिलेगी। आप पुरुषार्थ करें, साधना करें ताकि मार्ग खुल जाए और हम मुक्ति (मोक्ष) के मार्ग में बढ़ जाएं।

# मासूम बच्चों ने अल्लाह की रजा के लिए रखा रोजा



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रमजानुल मुबारक के अव्वल असरे और आखरी असरे में मासूम बच्चों ने तपती धूप और गर्मी का परवाह किए बिना अल्लाह की रजा के लिए रोजा रखा गौरो फिक्र की बात ये है की आज के दौर में जवानों और बुजुर्गों में खुदा का खौफ उनके दिलों दिमाग से दूर होता जा रहा है हमे बच्चों से भी सीख मिलता है बच्चे तो फरिश्ते के मानिंद होता है इनके कानों में सदा आई के रोजा रखना फर्ज है अल्लाह रोजेदारों का दुआ कबूल करता है

उसके गुनाह माफ कर दिया जाता है ये जानते ही बच्चे अपने और अपने मां बाप के मगफिरत के लिए रोजा रख कर इफ्तारी के बाद खुदा से दुआ मांगा जिसमे इस साल पहली बार सबसे कम उम्र में रोजा रखने वाले बच्चे है अमायिरा निर्वाण पिता आशिफ निर्वाण उम्र सात साल सिम्मी खान पिता शाहिद खान उम्र आठ साल महक खान नौ साल उमेर हसन दस साल परवेज खान ग्यारह साल अनस उम्र बारह साल इन बच्चों ने रोजा रख कर खुदा को राजी करने की कोशिश की है।

## भाजपा जिला कार्यालय से जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने झंडी दिखाकर बसों को किया बिलासपुर रवाना

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास परब मोदी की गारंटी से संवरता छत्तीसगढ़ श्री नरेंद्र मोदी जी



माननीय प्रधानमंत्री के कर कमलो से 33,700 करोड़ की जनकल्याणकारी परियोजनाओ का लोकार्पण शिलान्यास एवं समृद्धि की दिशा में बढ़ते कदम कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा ग्राउंड बिल्हा,बिलासपुर के लिए आज जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव से माननीय श्री भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति में बसों को झंडी दिखाकर, जय श्री राम के नारे लगाते हुए बिल्हा, बिलासपुर के लिए रवाना किया।

# शहर के महेन्द्र यदु का चयन राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में

## दिव्यांग वर्ग में छ.ग. प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे शहर के युवा बॉडी बिल्डर महेन्द्र यदु, महेन्द्र यदु अपनी तराशी हुई मांसपेशियों का प्रदर्शन करेंगे बिलासपुर में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 15वीं जूनियर, मास्टर, दिव्यांग बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशीप 2025 मार्च 29 से 30 को छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रेल क्लब न्यु आडिटोरियम में तितली चौक एसबीआई बैंक के सामने जूनियर मि. इंडिया एवं मास्टर व दिव्यांग वर्ग के राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन छ.ग. प्रदेश बॉडीबिल्डिंग संघ एवं जिला बिलासपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता के संबंध में राजनांदगांव जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला जिम संचालक संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने संयुक्त रूप से बताया कि मि. इंडिया बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन मुम्बई द्वारा मान्यता प्राप्त छ.ग. प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संघ के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के जूनियर मास्टर एवं दिव्यांग वर्ग के बॉडी बिल्डरों के मध्य यह स्पर्धा होगी जिसमें लगभग 350 खिलाड़ी एवं आफिशियल भाग लेंगे। इस स्पर्धा में छ.ग. प्रदेश से लगभग 15 खिलाडि़यों का दल अलग-अलग वर्गों में भाग लेंगे। इस स्पर्धा में



बड़ा हर्ष का विषय है कि राजनांदगांव जिले से एकमात्र दिव्यांग वर्ग में महेन्द्र यदु (लल्ला) इस राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेकर छ.ग. प्रदेश का प्रतिनिधित्व दूसरी बार करेंगे। महेन्द्र यदु स्थानीय एक्सपर्ट जिम नंदई में अभ्यासरत है। वे वर्ष 2019 से 2025 तक प्रदेश स्तर के स्पर्धा में मि. छत्तीसगढ़, चैम्पियन दिव्यांग वर्ग में रहे। विगत दिनों प्रदेश के इस खिलाडि़यों के टीम को राष्ट्रीय स्पर्धा में छ.ग. प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर छ.ग. शासन के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सभी खिलाडि़यों एवं अफिशलों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महेन्द्र यदु (लल्ला) के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षकगण, नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव, जिला बॉडी बिल्डर संघ के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, अमित आजमानी, सचिव नाहिद अख्तर, बसंत मैगी, नीरज शुक्ला, नरेश डाकलिया, जितेन्द्र मुदलियार, मनीष सिंह गौतम, तामेश्वर बंजारे, अंजू बंजारे, डॉ. रोहन सोनकर, खिलेश्वर बंजारे, गोपेन्द्र बंजारे, जय किशन शर्मा, डॉ. पोषण देशलहरे, हेमेन्द्र सिरमोर, अजय देशलहरे, शैलेन्द्र सिंह बंधे, उपेन्द्र कुमार, कितांश कुमार, डॉ. आर.वी. सोनकर, निकिता बंजारे, तानिया, एकता, भूमि सिंह, सुभाष हरिहारनों आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सांसद संतोष पांडे सनातन एकता यात्रा में शामिल हुए





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में आज संस्कारधानी राजनांदगांव में जन मानस में आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित



सनातन एकता यात्रा में राजनांदगांव सांसद माननीय श्री संतोष पांडे जी शामिल हुए। सांसद संतोष पांडे ने समस्त जिलेवासियों एवं प्रदेशवासियों को हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की बहुत-बहुत हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आदिशक्ति माता आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर लाए यही मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं। यात्रा के दौरान सनातनियों ने अपनी एकजुटता और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए यह सिद्ध कर दिया कि अब हर सनातनी अपने धर्म, संस्कृति और मूल्यों की रक्षा हेतु पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ेगा। धार्मिक उत्सवों के प्रति हमारे राजनांदगांव की जनता का उत्साह हमेशा ही देखते ही बनता है। सनातन धर्म,परंपरा और संस्कृति की धरोहर है हमारी संस्कारधानी। इस आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक एवं शिक्षक बैठक आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला-राजनांदगांव में 29 मार्च 2025, दिन-शनिवार को आईक्यूएसी सेल के तहत अभिभावक व शिक्षक संघ बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गुरप्रीत कौर छाबड़ा अध्यक्षता में बीएड प्रशिक्षणार्थियों एवं अभिभावक के मध्य महाविद्यालय में शिक्षा से संबंधित, शैक्षणिक भ्रमण, प्रायोगिक, योगा, मॉडल एग्जाम विषय पर चर्चा हुई। अभिभावको के द्वारा सुझाव लिए एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी प्रभारी सुरवी भट्टाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया व महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।



## अग्निवीर में चयनित तीन बच्चों का किया सम्मान : परदेसी सोनबोईर

### गांव में हर्ष का माहौल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अग्निपथ योजना के तहत देश के युवाओं को सशस्त्र बलों में अग्नि वीर के रूप में भर्ती



किया जाता है जिससे सेना को युवा और कुशल बल मिलता है यह योजना देश की सेवा करने के इच्छुक युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर प्रदान करती है। इसी कड़ी में ग्राम मोहबा से आकाश यादव पिता श्रीराम यादव, ग्राम दारागांव से कालीचरण वर्मा पिता कोमल राम वर्मा दरागांव और बुंदेलीकला से डोमेश्वर वर्मा पिता एस तेजराम वर्मा का अग्निवीर में चयन हुआ है। मंडल भाजपा तिलाई के अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर के नेतृत्व में तीन अलग-अलग गांव के बच्चों का अग्नि वीर में चयन होने पर उनके घर पहुंच कर फूल मालाओं और गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री सोनबोईर ने इस मौके पर कहा कि इन तीन बच्चों का अग्नि वीर में चयन होने से गांवों में हर्ष का माहौल है। बाकी और भी बच्चों को इनसे प्रेरणा और सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए और समाज गांव राज्य और देश की सेवा के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर के जिला पंचायत सदस्य श्रीमति शीला सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता सिन्हा, सरपंच उनीता साहू, टाकेश सिन्हा, हरिचंद सिन्हा, जीतेन्द साहू गणेश साहू, अनिल वर्मा, अशोक सिन्हा शारदा साहू उपस्थित थे।

# जनपद सदस्य पूर्णिमा कृष्णा साहू ने नवोदय में चयनित कोमेश देवांगन को किया सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भेड़ीकला प्राथमिक शाला से कोमेश देवांगन का नवोदय के लिए चयन जनपद सदस्य पूर्णिमाकृष्णा साहू जी के द्वारा कोमेश देवांगन को तिलक लगाकर गुलदस्ता भेंट कर नवोदय विद्यालय में शामिल होने के लिए सम्मानित किया साथ ही भेड़ीकला के सरपंच बसंतीन नेताम जी के द्वारा कॉपी पेन कंपौष बॉक्स देकर सम्मानित किया कोमेश देवांगन के पिता श्री मनोज देवांगन जो ग्राम पंचायत सचिव का कार्य करते है उनकी माता श्रीमती बिंदा बाई



देवांगन गृहणी का कार्य करती है इन दोनों के अथक प्रयास एवं अच्छी शिक्षा के कारण अपने पुत्र को नवोदय के लिए तैयार किया साथ ही सफल भी हुए इससे पूर्व भेड़ीकला के वर्तमान में दो विद्यार्थी नवोदय मे अध्ययनरत है गांव के आने वाले भविष्य में भी इसी प्रकार से गांव के बच्चों का शिक्षको के द्वारा अच्छे से मेहनत कर के नवोदय हेतु चयन करने प्रयास किया जाएगा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रोशन कुमार साहू एवं उनके समस्त शिक्षकगण बधाई के पात्र हैं।

## नए साल पर पूनम कालोनी के शिव मंदिर में श्रीहनुमान चालीसा जी का पाठ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा आज भारतीय नवसंवत्सर, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी-पड़वा विक्रम-संवत् वर्ष 2082 सनातन नववर्ष के पावन अवसर पर श्रीहनुमान चालीसा जी का पाठ किया गया। स्थानीय पुनम कालोनी स्थित शिव मंदिर में समाजसेवी आरपी श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति में श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ संकीर्तन किया जाकर समाज व राष्ट्र के लिए मंगलकामना की गयी व उपरांत में प्रसादी वितरित की गयी। इसके पूर्व वैज्ञानिक व समाजसेवी पूज्य भाई राजीव दीक्षित जी के व्याख्यान का सामुहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव सहित धीरज द्विवेदी, कमलेश वैष्णव, विवेक श्रीवास्तव, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# चैत्र नवरात्रि पर्व-2025 डोंगरगढ़ वाहन पार्किंग संचालकों का ली गई थाना परिसर में बैठक



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** चैत्र नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी देवी जी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाओं एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये आज दिनांक- 30.03.2025 को थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम श्री मनोज मरकाम, सीएमओ नगर पालिका डोंगरगढ़ श्री चन्द्रकांत वर्मा एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा मेला में पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करानें वाले संचालकों का थाना परिसर डोंगरगढ़ में मीटिंग लिया गया। मीटिंग में पार्किंग व्यवस्था को लेकर विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक चर्चा कर पार्किंग संचालको से सुझाव प्राप्त कर नगर पालिका डोंगरगढ़ द्वारा निर्धारित नई दर दोपहिया वाहन- 30/-रू0, चार पहिया वाहन- 80/-रू0 एवं बस, ट्रक, टेऊक्टर व अन्य वाहन- 100/-रू0 के अनुसार पार्किंग शूल्क लेने हिदायत दिया गया है। साथ ही वाहन पार्किंग संचालकों को 01. सभी पार्किंग स्थल पर वाहन पार्किंग का रेट लिस्ट चस्पा करने, 02. पार्किंग के निर्धारित क्षेत्र के बाहर खड़ी वाहन से पार्किंग शुल्क वसुली नहीं करने, 03. सभी पार्किंग स्थल प्रभारी, महिलाओं एवं पुरूषों के लिए पृथक से लघुशंका हेतु व्यवस्था करने, 04. प्रत्येक पार्किंग स्थल प्रभारी दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं हेतु स्वच्छ पीने का पानी रखने, 05. सभी पार्किंग स्थल में सीएचसी डोंगरगढ़ द्वारा प्रदाय ओ0आर0एस0 का घोल रखने, 06. किसी भी वाहन मालिक/चालक से पार्किंग के कर्मचारी द्वारा दुर्व्यव्हार या गाली गलौच नहीं करने, 07. पार्किंग प्रवेश द्वार पर पार्किंग प्रभारी एवं कार्यरत कर्मचारियों का नाम एवं मोबाईल नंबर लेख कर चस्पा करने 08. किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसुली नहीं करने संबंधी समझाईस व 09. सभी पार्किंग स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु समझाईस दिया गया है। यदि किसी वाहन पार्किंग में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने व वाहन मालिकों/चालकों व दर्शनार्थियों से दुर्व्यहार करने की शिकायत मिलती है तो उस पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# राजनांदगांव छोटे लाल साहू को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई



**राजनांदगांव।** मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के समाज कार्य विभाग से श्री छोटे लाल साहू को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध विषय स्वच्छ भारत अभियान एवं समाज कार्य हस्तक्षेप था। श्री छोटे लाल साहू ने यह शोध कार्य अपने शोध निर्देशक सहायक प्राध्यापक मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. दीना नाथ यादव एवं सह-शोध निर्देशक सहायक प्राध्यापक पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉ. संजीव कुमार लवानिया के संयुक्त मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके शोध में स्वच्छ भारत अभियान के प्रभाव और समाज कार्य में उसके हस्तक्षेप का गहन विश्लेषण किया गया है। उल्लेखनीय है कि खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम नचनिया के निवासी हैं। वे श्री नैधूराम साहू सुपुत्र है। इस उपलब्धि पर शोध निर्देशक, माता-पिता परिवारजनों, सहकर्मियों, जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचित सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने डॉ. साहू को बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। गौरतलब है कि डॉ. साहू वर्तमान में जिला पंचायत राजनांदगांव में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस सफलता को समाज कार्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान के रूप में देखा जा रहा है।

## सप्ताह के सितारे (31 मार्च 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 5- 8 - 0 | 18-81-10-01-80-08 |
| मंगल | 2- 5 - 7 - 9 | 27-72-29-92-75-57 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

अंकों का बादशाह -1 सप्ताह में अचूक 1 - 4 - 5 - 8

सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 17- 40 -37 -89

सप्ताह में देखे

(1) 11 - 14 - 15 - 18 (6) 61 - 64 - 65- 68

(2) 21 - 24 - 25 - 28 (7) 71 - 74 - 75 - 78

(3) 31 - 34 - 35 - 38 (8) 81 - 84 - 85 - 88

(4) 41 - 44 - 45 - 48 (9) 91 - 94 - 95 - 98

(5) 51 - 54 - 55 - 58 (10) 01 - 04 - 05 - 08

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 57-65-06-97-93-53 | |
| 21-01-80-39-20-01 | 58-85-06-04-97 |
| 49-89-83-29-**-44 | 79-11-21-76-00 |
| 82-01-14-33-70-13 | 52-48-25-41-** |
| 33-00-10-79-41-96 | 28-44-55-96-94 |
| | 57-36-21-28-17 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# यूके की फर्जी माइनिंग कंपनी में निवेश के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

घनश्याम साव

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** थाना डोंगरगांव पुलिस ने यूके की माइनिंग कंपनी में निवेश का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी डोंगरगांव के सिनेमा लाइन वर्मा निवास में रहने वाले प्रवीण कुमार बॉम्बेश्वर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सितंबर 2024 से फरार था, और पुलिस पिछले छह महीनों से उसकी तलाश कर रही थी।



**ऐप के जरिए किया ऑनलाइन फ्रॉड**

आरोपी ने एंटीफेगस्ता नामक ऐप के जरिए लोगों को भारत सरकार की अधिकृत योजना का हिस्सा बताकर निवेश करने के लिए प्रलोभित किया। उसने दावा किया कि यह कंपनी मोदी सरकार की गरीबी उन्मूलन योजना के तहत कार्यरत है और भारतीय स्टेट बैंक से मान्यता प्राप्त है। इस झांसे में आकर कई लोगों ने निवेश किया, जिनमें प्रार्थी पोखराम साहू ने 1.31 लाख रुपये, पुष्पेंद्र साहू ने 49,000 रुपये, द्विवांशु गंडावी ने 18,200 रुपये का भुगतान किया।

**ठगी का तरीका: ज्यादा मुनाफे का लालच देकर फंसाया**

शुरुआती महीनों में निवेश पर 9त्न कमीशन दिया गया, जिससे लोगों का भरोसा बढ़ा। लेकिन सितंबर 2024 के बाद कंपनी ने भुगतान रोक दिया और रिफंड के नाम पर 6000-6000 रुपये टैक्स जमा करने की मांग की। जब निवेशकों ने पैसे नहीं दिए, तो उनकी आईडी ब्लॉक कर दी गई।

**मोबाइल सर्विलांस से पकड़ा गया आरोपी**

थाना प्रभारी अविनाश श्रीवास ने बताया कि मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे डोंगरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के बैंक खाते से 1.10 लाख रुपये होल्ड कर लिए हैं, जिन्हें कोर्ट के जरिए पीड़ितों को लौटाने की प्रक्रिया जारी है।

**फर्जी व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर लोगों को फंसाया**

आरोपी ने इंडिया इंटोफेगास्टा नाम से एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर लोगों को कंपनी के फर्जी दस्तावेज, नीति-नियम और खनन क्षेत्र में निवेश से जुड़े दावे भेजे। इसमें दो और आरोपी वनिता और सेरेना मिचेल भी शामिल बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है।

**पुलिस की अपील ङ्क फर्जी निवेश योजनाओं से बचें**

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनधिकृत कंपनी में निवेश करने से पहले उसकी प्रमाणिकता की जांच करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

## कोई प्यासा ना रहे पेयजल के लिए वाटर कुलर की लगाई सुविधा - सरपंच दीनदयाल साहू

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत करमरी सरपंच दीनदयाल



साहु व्दारा नवरात्रि के पावन अवसर पर शुद्ध पेयजल ठंडा पानी के लिय 20, 40 लीटर वाटर कुलर ग्राम पंचायत के नागरिक व आने जाने वालो राहगीरों के नाम समर्पण किया इस अवसर पर ग्राम वासी एवं पंच गण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ने जिले के पीएमश्री योजना के तहत चार स्कूलों का शुभारंभ किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिलासपुर जिले के मोहभट्ठ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पीएमश्री योजना के तहत चार स्कूलों का शुभारंभ किया गया। जिले के तृतीय व चतुर्थ चरण में पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित पीएमश्री सेजेश छुरिया, पीएमश्री सेजेश डोंगरगढ़, पीएमश्रीसेजेश डोंगरगांव, पीएमश्री सेजेश सर्वेश्वर दास राजनांदगांव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी, सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, पीएमश्री योजना सहायक नोडल श्री आदर्श वासनिक, संस्था प्राचार्य व बीओ धनिराम देवांगन, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ज्ञान मंथन

*1) इंटरनेशनल गीता महोत्सव का 5वाँ संस्करण किस देश में आयोजित किया गया था?*
*2) किस बाँध के पूरा होने से रावी नदी का पाकिस्तान में जल प्रवाह बंद हो गया है?*
*3) पेटीएम ई-कॉमर्स ने खुद को किस नाम के रूप में रिब्राण्ड किया है?*
*4) गूगल ने अपने किस उत्पाद का नाम बदलकर जैमिनी रखा है?*
*5) असम में अनावरण की गई लचित बोरफुकन प्रतिमा की ऊँचाई कितनी है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) श्रीलंका (2) शाहपुर-कण्डी बैराज (3) पाई प्लेटफार्म (4) बार्ड (5) 125 फीट

# आज होगी मां दुर्गा के दो स्वरूपों ब्रह्मचारिणी और चंद्रघंटा की पूजा

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** इस बार रविवार से शुरू हुये चैत्र नवरात्रि में एक तिथि का क्षय होने के 'कारण द्वितीया और तृतीया दोनो आज ही पड़ रही है , यानि आज ही देवी मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा दोनो की पूजा होगी। माँ ब्रह्मचारिणी के नाम का अर्थ ङ्क ब्रह्म मतलब तपस्या और चारिणी का अर्थ आचरण करने वाली देवी होता है। मां ब्रह्मचारिणी को ज्ञान , तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। कठोर साधना और ब्रह्म में लीन रहने के कारण भी इनको ब्रह्मचारिणी कहा गया है। पौराणिक कथा के अनुसार पूर्वजन्म में माँ ब्रह्मचारिणी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था। भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिये बहुत कठिन तपस्या की , इसीलिये इन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। माँ ब्रह्मचारिणी ने एक हजार वर्ष तक फल-फूल खाकर बिताये और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर जीवन निर्वाह किया। इसके बाद माँ ने कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप को सहन करती रहीं , टूटे हुये बिल्व पत्र खाकर भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इससे भी जब भोलेनाथ प्रसन्न नहीं हुये तो उन्होने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिया और कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं , पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। माँ ब्रह्मचारणी कठिन तपस्या के कारण बहुत कमजोर हो हो गई। इस तपस्या को देख सभी देवता , ऋषि , सिद्धगण , मुनि सभी ने सरहाना की और मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद दिया। माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन देवी के इसी स्वरूप की उपासना की जाती है। इस देवी की कथा का सार यह है कि जीवन के कठिन संघर्षों में भी मन विचलित नहीं होना चाहिये। वहीं मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है इसका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिये कल्याणकारी और सद्गति देने



वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र होने के कारण इसे चंद्रघंटा कहा गया है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्जवल है इनके आठ हाथों में खड्ग , कमल , धनुष , बाण , तलवार , त्रिशूल , गदा आदि विभिन्न प्रकार के शस्त्र सुशोभित रहते हैं और दो हाथों से मां अपने भक्तों को चिरायु , आरोग्य और सुख संपदा का आशीर्वाद देती हैं। इनका यह स्वरूप परम शक्तिदायी और तेजपूर्ण है। इनके कंठ में श्वेत पुष्प की माला और शीर्ष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान है। इनकी मुद्रा युद्ध की मुद्रा है। तीसरे दिन देवी की उपासना आराधना भयमुक्ति और साहस की ओर ले जाता है। माँ तंत्र साधना में मणिपुर चक्र को नियंत्रित करती है और ज्योतिष में इनका संबंध मंगल ग्रह से है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिये उद्यत रहने की होती है। मन कर्म और वचन के साथ समर्पणता से विधि विधान के अनुसार परिशुद्ध पवित्र होकर चंद्रघंटा देवी की उपासना आराधना करने से मनुष्य सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद का अधिकारी बन सकता है। धर्म शास?त्रों में बताया गया है कि मां चंद्रघंटा की उपासना से भक?तों में वीरता और निर्भीकता के साथ ही सौम?यता और विनम्रता का विकास होता है। पौराणिक काल में एक बार देव-असुर संग्राम बहुत लम्बे समय तक चला। उस समय असुरों का स्वामी और सेनापति महिषासुर था। महिषासुर ने इंद्र आदि देवताओं को पराजित कर स्वर्ग के सिंहासन पर कब्जा कर स्वर्ग का राजा बन गया। युद्ध में हारने के बाद सभी देवता इस समस्या के निदान के लिये त्रिदेवों के पास गये। देवताओं ने भगवन विष्णु , महादेव और ब्रह्मा जी को बताया कि महिषासुर ने इंद्र , चंद्र , सूर्य , वायु और अन?य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिये हैं और उन्हे बंदी बनाकर स्वर्ग लोक पर कब्जा कर लिया है। देवताओं ने बताया कि महिषासुर के अत्याचार के कारण देवताओं को धरती पर निवास करना पड़ रहा है। देवताओं की बात सुनकर त्रिदेवों को अत्याधिक क्रोध आ गया और उनके मुख से ऊर्जा उत्पन्न होने लगी। इसके बाद यह ऊर्जा दशों दिशाओं में जाकर फैल गई , उसी समय वहां पर एक देवी चंद्रघंटा ने अवतार लिया। भगवान शिव ने देवी को त्रिशुल , विष्णु जी ने चक्र दिया। इसी तरह अन्य देवताओं ने भी मां चंद्रघंटा को अस्त्र शस्त्र प्रदान किये। इंद्र ने मां को अपना वज्र और घंटा प्रदान किया , भगवान सूर्य ने मां को तेज और तलवार दिये। इसके बाद मां चंद्रघंटा को सवारी के लिये शेर भी दिय गया। मां अपने अस्त्र शस्त्र लेकर महिषासुर से युद्ध करने के लिये निकल पड़ीं। मां चंद्रघंटा का रूप इतना विशालकाय था कि उनके इस स्वरूप को देखकर महिषासुर अत्यंत ही डर गया। उन्होंने अपने असुरों को मां चंद्रघंटा पर आक्रमण करने के लिये कहा। सभी राक्षस युद्ध करने के लिये मैदान में उतर गये। मां चंद्रघंटा ने महिषासुर के सभी बड़े राक्षसों को मारकर अंत में महिषासुर का भी अंत कर दिया। इस तरह मां चंद्रघंटा ने देवताओं की रक्षा की और उन्हें स्वर्गलोक की प्राप्ति करायी।

## महापौर व निगम पदाधिकारियों द्वारा दी गई ईद-उल-फितर की बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-फित्तर पर अपनी अनन्य शुभकामनाएं दी है। उन्होंने हमारी संस्कृति से जुड़े इस महत्वपूर्ण पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।



महापौर श्री यादव ने मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-फित्तर की बधाई देते हुए कहा कि इस्लाम धर्म का यह पर्व हमें इबादत एवं सदका की प्रेरणा देता है। रमजान के एक महिने के रोजे के बाद मनाये जाने वाला यह पर्व मालिक की इबादत में वृद्धि करने,अच्छाई की ओर कदम बढ़ाने,भाई-चारा, शील-संकोच,दीन-धर्म का प्रदर्शन करने व मालिक की याद से हृदय को जगमग करने की प्रेरणा देता है।

निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, श्रीमती केवरा विजय राय, आलोक श्रोती, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती बिना ध्रुव, डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखीजा एव राजेश जैन रानू सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन, श्री संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके तथा पार्षदों ने मुस्लिम समुदाय को एक महिने के रोजे के उपरांत मनाये जाने वाले इस त्योहार को उमंग व उल्लास के साथ मनाने के लिये बधाई दी है।

## विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-फितर की दी बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे ने ईद-उल-फित्तर के मुबारक अवसर पर मुस्लिम समुदाय को बधाई दिये है। विधायक डॉ.रमन सिह ने मुस्लिम समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि रमजान के इस पावन महीने में लोग उपवास रखते हैं और नियमित तौर से प्रार्थना कर अल्लाह के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। ईद-उल-फित्तर का यह पवित्र त्यौहार रमजान के खत्म होने पर आता है। इस त्यौहार को भाईचारा एवं सद्भाव को मजबूती देने वाले पर्व के रूप पर मनाया जाता है। ईद-उल-फित्तर एक ऐसा पर्व है, जो हमें मानवता की सेवा में समर्पित होने और जरूरतमंद लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए उनकी मदद करने की प्रेरणा देता है। सांसद श्री पाण्डे ने बधाई देते हुए का कि ईद का पर्व दुनिया भर में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्यौहार है। इस त्यौहार को मुसलमान कम्युनिटी के पवित्र त्योहारों में गिना जाता है। हर वर्ष ईद का त्यौहार दो बार मनाया जाता है, पहला ईद-उल-फित्तर के नाम से और दूसरा ईद-उल-अजहा के नाम से मनाया जाता है। यह मुसलमानों का पवित्र त्यौहार है जो रमजान के एक महीने के बाद आता है। रमजान का पावन महीना खतम होने के अगले दिन ईद का त्यौहार उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है।

## सामूहिक एकता और भाईचारे का प्रतीक ईद-उल- फितर : हाजी रईस अहमद शकील

**राजनांदगांव।** जामा मस्जिद के सदर व मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी नगरवासियों एवं मुस्लिम भाई-बहनों को ईद की मुबारकबाद दी। हाजी रईस अहमद ने कहा कि रमजान एक ऐसा बा-बरकत महीना हैं, जिसका इंतेजार साल के ग्यारह महीने हर मुसलमान को रहता है, रोजा इंसान के जिस्म का जकात होता हैं, रोजदार इंसान के पूरे शरीर का रोजा होता है, जिसका मकसद ये भी है कि इंसान बुराई से जुड़ा कोई भी काम ना करें, कुल मिलाकर रमजान का मकसद इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाना है, इसका मकसद एक दूसरे से मोहब्बत, प्रेम, भाईचारा और खुशियां बांटना है, रमजान का मकसद सिर्फ यही नहीं होता कि एक मुसलमान सिर्फ किसी मुसलमान से ही अपने अच्छे अखलाक रखे, बल्कि मुसलमान पर ये भी फर्ज है कि वो किसी और भी मजहब के मानने वालों से भी मोहब्बत, प्रेम, इज्जत, सम्मान, अच्छा अखलाक रखे,



ताकि दुनिया के हर इंसान का एक-दूसरे से भाईचारा बना रहे। इस महीने खास कर गरीब मजलूम का ख्याल रखा जाता है। ईद-उल-फित्तर सामूहिक भाईचारे और एकता का प्रतीक है। ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है, और खुदा से सुख-शांति और घरों में बरकत के लिए दुआएं मांगते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में ईद की खुशियां पूरा हफ्ता चलता था पर अब हर त्यौहार का पर्याय बदल रहा है। साथ ही जीवन शैली में भी काफी हद तक कई अहम बदलाव आए हैं। श्री शकील ने कहा की शहरे मुत्तवलियांन ने मिलकर ईदुल-फित्तर 2025 के लिए मठपारा स्थित ईदगाह में जरुरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज सुबह 8.30 बजे विशेष नमाज ईदुल फित्तर की अदा की जाएगी। मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने बताया कि अतराफ (एरिये) के सभी मस्जिदों में पूरे महीने ईबादतों के साथ रौनक रही और मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई।

## बालोद जिले के साहित्यिक आयोजन में जिले के साहित्यकार सम्मानित हुए

**सुरगी/राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मटिया ( ह) पोस्ट माहुद बी,जिला बालोद में सरस साहित्य समिति गुंडरदेही के बैनर तले आयोजित पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में राज्य के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा. पीसी लाल यादव, जगदीश देशमुख, डा. बलदाऊ राम साहू , डा. दादू लाल जोशी, सीता राम साहू श्याम, कृष्ण कुमार दीप,डुमन लाल ध्रुव, पुष्कर सिंह राज, प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के अध्यक्ष जयकांत पटेल,डॉक्टर एस. एल. गंधर्व, संध्या राजपूत, केशव राम साहू, डॉ अशोक आकाश, गजपति राम साहू , देव गुलाब जोशी ,देवनारायण नगरिया , डा. लक्ष्मण उमरे कौशिक , लोक असर के संपादक दर्वेश आनंद, द्रोण कुमार सार्वा ,राजनांदगांव जिले से साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष एवं पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहारा ,छुरिया के संयोजक ओमप्रकाश साहू अंकुर, साकेत के पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर,



साकेत के सचिव एवं शिवनाथ सहित धारा डोंगरगांव के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार चौधरी रौना,संरक्षक प्यारेलाल देशमुख, हास्य कवि कैलाश साहू कुंवारा, साकेत के पूर्व सचिव फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर दास साहू ,वनांचल साहित्य समिति मोहला के अध्यक्ष डॉ इकबाल खान तन्हा ,सचिव जितेंद्र कुमार पटेल विद्रोही, लखनलाल कलामे, जसवंत मंडावी शामिल हुए। इस अवसर पर कवियों ने काव्य पाठ कर अपनी एक अलग छाप छोड़ी। कवियों को शाल, श्रीफल एवं शिव कुमार अंगारे की विमोचित किताब भेंट किया सम्मानित किया गया। इस गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम में मधुर गीतकार,कवि शिवकुमार अंगारे की दो किताब माटी गावय गीत मया के एवं मुझको तुम सावन कर दो का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं काव्य रसिकगण उपस्थित थे।

## पहाड़ी पाठ देव स्थल पर चैत्र नवरात्रि में 510 मनोकामना ज्योति कलश जलाई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति जोरातराई मनगटा जंगल,स्टेशन मुड़ीपार जिला राजनांदगांव में चैत्र नवरात्रि मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया



गया। पंडित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर , समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने दीप ज्योति कलश जलाई। और समस्त क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्रि पर्व की एवं हिंदू नव वर्ष की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने बताया कि पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति के सहयोग से प्रतिवर्ष



दोनों पर्वों में ज्योति कलश स्थापना की जाती है जिसमें चैत्र नवरात्रि में घी का ज्योति 110 ज्योति कलश स्थापना की गई है और तेल वाले 400 ज्योति कलश स्थापित की गई इस तरह से कुल 510 ज्योति जलाई गई है।

संतोष कुमार साहू ने आगे बताया कि इस वर्ष पहाड़ी पाठ मंदिर प्रांगण पर महाशिवरात्रि पर्व पर



भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और समिति द्वारा नए-नए कार्य मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। श्री साहू ने आगे बताया कि मंदिर पहुंचने वाले भक्तों की हर मनोकामना को पहाड़ी पाठ बाबा और माता भक्तों की मनोकामना को पूर्ण जरूर करती है।

## धर्म समाचार....

## नवरात्र में जरूर करें देवी मां के इस स्तोत्र का पाठ, सभी चिंताएं होंगी दूर



हिंदू नववर्ष से चैत्र नवरात्र का पर्व शुरु होने जा रहा है। इस अवधि में साधक नवदुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं और व्रत करते हैं। माना जाता है कि नवरात्र का व्रत करने वाले साधक को माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उसके व उसके परिवार पर देवी मां की विशेष कृपा बनी रहती है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है। हिंदू धर्म में नवरात्र की अवधि को बहुत ही पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। यह समय नवदुर्गाओं की पूजा-अर्चना व व्रत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। ऐसा करने से जातक को देवी मां का आशीर्वाद




मिलता है। माता रानी की विशेष कृपा के लिए आप नवरात्र की पवित्र अवधि में सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ कर सकते हैं।

**॥सिद्धकुञ्जिकास्तोत्रम्॥**

**शिव उवाच**

श्रृणु देवि प्रवक्ष्यामि, कुञ्जिकास्तोत्रमुत्तमम्।
येन मन्त्रप्रभावेण चण्डीजाप: शुभो भवेत॥1॥
न कवचं नार्गलास्तोत्रं कीलकं न रहस्यकम्।
न सूक्तं नापि ध्यानं च न न्यासो न च वार्चनम्॥2॥
कुञ्जिकापाठमात्रेण दुर्गापाठफलं लभेत्।
अति गुह्यतरं देवि देवानामपि दुर्लभम्॥3॥
गोपनीयं प्रयत्नेन स्वयोनिरिव पार्वति।
मारणं मोहनं वश्यं स्तम्भनोच्चाटनादिकम्।
पाठमात्रेण संसिद्ध्येत् कुञ्जिकास्तोत्रमुत्तमम्॥4॥


**॥अथ मन्त्र: ॥**

? ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे। ? ग्लौ हुं क्लीं जूं स:
ज्वालय ज्वालय ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल
ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ज्वल हं सं लं क्षं फट् स्वाहा।''

नवरात्र को मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना व कृपा प्राप्ति के लिए उत्तम माना गया है। इस दिन पर विधिवत रूप से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और व्रत करने से साधक को माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

**।इति मन्त्र: ॥**

नमस्ते रूद्ररूपिण्यै नमस्ते मधुमर्दिनि।
नम: कैटभहारिण्यै नमस्ते महिषार्दिनि॥1॥
नमस्ते शुम्भहन्त्र्यै च निशुम्भासुरघातिनि॥2॥
जाग्रतं हि महादेवि जपं सिद्धं कुरूष्व मे।
ऐंकारी सृष्टिरूपायै ह्रींकारी प्रतिपालिका॥3॥
क्लींकारी कामरूपिण्यै बीजरूपे नमोऽस्तु ते।
चामुण्डा चण्डघाती च यैकारी वरदायिनी॥4॥
विच्चे चाभयदा नित्यं नमस्ते मन्त्ररूपिणि॥5॥
धां धीं धूं धूर्जटे: पत्नी वां वीं वूं वागधीश्वरी।
क्रां क्रीं क्रूं कालिका देवि शां शीं शूं मे शुभं कुरु॥6॥
हुं हुं हुंकाररूपिण्यै जं जं जं जम्भनादिनी।
भ्रां भ्रीं भ्रूं भैरवी भद्रे भवान्यै ते नमो नम:॥7॥
अं कं चं टं तं पं यं शं वीं दुं ऐं वीं हं क्षं



धिजाग्रं धिजाग्रं त्रोटय त्रोटय दीप्तं कुरु कुरु स्वाहा॥
पां पीं पूं पार्वती पूर्णा खां खीं खूं खेचरी तथा॥8॥
सां सीं सूं सप्तशती देव्या मन्त्रसिद्धिं कुरुष्व मे॥
इदं तु कुञ्जिकास्तोत्रं मन्त्रजागर्तिहेतवे।
अभक्ते नैव दातव्यं गोपितं रक्ष पार्वति॥
यस्तु कुञ्जिकाया देवि हीनां सप्तशतीं पठेत्।
न तस्य जायते सिद्धिररण्ये रोदनं यथा॥
इति श्रीरुद्रयामले गौरीतन्त्रे शिवपार्वतीसंवादे कुञ्जिकास्तोत्रं सम्पूर्णम्।

**॥? तत्सत॥**-नवरात्र की अवधि में माता रानी की पूजा के दौरान सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ जरूर करना चाहिए। हिंदू धर्म में इस स्तोत्र को बेहद कल्याणकारी माना गया है। इसके नियमित पाठ से साधक पर माता रानी की कृपा बनी रहती है और उसे कई समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है।

विक्रम संवत 2082

# हिन्दू नूतन वर्ष

की हार्दिक शुभकामनाएँ...



NEERAJ BAJPAYEE

NBIS
ज्ञानं परमं ध्येयम्
CBSE AFFILIATION NO. 3330241

# NEERAJ BAJPAYEE
## International School

BORI, KHAIRAGARH ROAD, RAJNANDGAON

OUR ACADEMIC EXCELLENCE PARTNER

# PHYSICS WALLAH

FOR CLASS
8th | 9th | 10th | 11th | 12th
Foundation | IIT-JEE/NEET

CBSE बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ
FOUNDATION | IIT-JEE | NEET
की तैयारी P.W. के शिक्षकों के द्वारा
अब अपने राजनांदगांव शहर में...

OFFLINE REGULAR CLASSES FOR
IIT-JEE / NEET + CBSE BOARD

NEW ADMISSION

**SCHOLARSHIP FOR MORE THAN 90% MARKS**
IN CLASS - 7th, 8th, 9th, 10th & 11th

- 100% OFF IN ADMISSION FEE
- 25% OFF IN PW FEE

**EDUCATION INCLUDING LATEST TECHNOLOGY**

- SAME PW BHILAI TEACHERS WILL TAKE THE OFFLINE CLASSES DAILY.
- TEACHING THROUGH INTERACTIVE PANELS.
- RECORDED LIVE LECTURES & PDF AVAILABLE WITHIN THE SAME DAY.
- DAILY DOUBT CLEARING CLASSES.
- AC CLASS ROOMS WITH MODERN FACILITIES.

MESS FACILITY *Available*

PRIVATE HOSTEL FACILITY

ONLY 10 SEATS LEFT IN EACH CLASS

CLASSES STARTS *From* 1st APRIL

*Including* GPS TRANSPORTATION FACILITIES FROM > GHUMKA, DONGARGARH, DONGARGAON, KHAIRAGARH & CHHUIKHADAN

OFFICE OPEN ON MONDAY (10 AM TO 2 PM)




**FOR REGISTRATION & ENQUIRY : 9340280363, 9340874310**

BORI, KHAIRAGARH ROAD, RAJNANDGAON (C.G.) | nbis.rjn@gmail.com | www.nbisrjn.com

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com